दिन– शनिवार दिनांक– 06 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। कल भाजपा ने चार और जदयू ने चार उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की थी। गौरतलब है कि बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव, जबकि एक सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————————

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मुजफ्फरपुर के साहिबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में उनकी पत्नी रेणु सिंह समेत अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। यह मामला इकतीस दिसम्बर वर्ष दो हजार अठारह को न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई फायरिंग से जुड़ा है। दिल्ली के फतेहपुरबेरी स्थित एक फार्म हाउस में पार्टी में हर्ष फायरिंग के दौरान डॉक्टर अर्चना गुप्ता के सिर में गोली लगी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। फायरिंग का आरोप राजू कुमार सिंह पर लगा था।

———————————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में अब तक नौ लाख बयालीस हजार से अधिक किसान "खेत बचाओ अभियान" से जुड़ चुके हैं। मंत्रालय के अनुसार, अभियान के तहत अब तक सत्रह हजार आठ सौ से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनसे लगभग सात लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा, तीन हजार सात सौ से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आठ हजार आठ सौ पचास से अधिक व्यावहारिक प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है।

————————————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात जून कर दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब रविवार मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून निर्धारित थी।

————————————————————————————————

बिहार के वैभव सूर्यवंशी को भारतीय सीनियर टी–ट्वेंटी क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वैभव भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने पंद्रह साल इकहत्तर दिन की उम्र में भारतीय टीम में जगह बनाई है। वैभव को जून–जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी–ट्वेंटी सीरीज के साथ–साथ एशियन गेम्स के लिए चुना गया है।

————————————————————————————————

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत युवा संगम के छठे चरण में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित पचास छात्र–छात्राओं को पंजाब के शैक्षणिक और सांस्कृतिक दौरे के लिए रवाना किया गया। आईआईटी, पटना में आयोजित फ्लैग ऑफ समारोह में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने छात्रों को रवाना किया। इस अवसर पर आईआईटी पटना के निदेशक टी.एन. सिंह ने कहा कि युवा संगम राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

————————————————————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में देर रात हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, भागलपुर और कटिहार समेत अठारह जिलों में बारिश हुई है। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के जतकुटिया गांव में वज्रपता की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

————————————————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से एक ही परिवार के दो महिलाओं की मौत हो गई है। दोनों दरभंगा जिले की रहने वाली थीं।

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।